an>

Title: Need to ensure the safety of Gangotri Dham Temple in Uttarkashi District, Uttarakhand.

श्रीमती माला राज्यलक्ष्मी शाह (टिहरी गढ़वाल) ः मैं सरकार का ध्यान अपने संसदीय क्षेत्र टिहरी गढ़वाल के उत्तरकाशी जिले में स्थित गंगोत्री धाम की ओर दिलाना चाहती हूं। भागीरथी के प्रवाह का रास्ता बदलने से गंगोत्री धाम मंदिर को खतरा हो गया है। गत 16-17 जुलाई को गंगोत्री धाम में भारी बारिश से भागीरथी में आए उफान के बाद भागीरथी नदी ने अपना रास्ता बदल लिया है नदी में उफान के कारण गाद और बोल्डर जमा होने से नदी मुख्य धारा वाले स्थान से 25 फीट दूर गंगोत्री धाम वाले किनारे से बहने लगी है, जिससे मंदिर को बाढ़ का खतरा पैदा हो गया है।

मेरा केन्द्र सरकार से अनुरोध है कि प्रदेश सरकार को गंगोत्री मंदिर की सुरक्षा के लिए आवश्यक कदम उठाने के निर्देश दे और गंगोत्री मंदिर की सुरक्षा सुनिश्चित की जाये।